SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25

**Term 1 Cass-notes**

Subject: HINDI

CLASS: 6 L.No. 6 ,7 ( व्याकरण –उपसर्ग ,प्रत्यय )

Prepared by:Deepika Mehra

Prepared Date - Given date -

---

## उपसर्ग

**उपसर्ग -** जो शब्दांश मूल शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देता है अथवा अर्थ में कोई परिवर्तन ला देता है ,उसे उपसर्ग कहा जाता है |

जैसे – कु ,दुर ,वि आदि |

**उपसर्ग के प्रकार -** हिंदी में चार प्रकार की भाषाओँ के उपसर्ग लिए गए हैं |

**१) संस्कृत के उपसर्ग**

जैसे – प्र , पर , अप ,अनु , दुर ,वि , आ ,नि ,सु , स ,कु ,प्रति ,परि |

**२) हिंदी के उपसर्ग**

जैसे- अ , अन , अध , उन ,कु , नि , भर ,बिन , सु , चौ |

३) अरबी –फ़ारसी के उपसर्ग

जैसे – बे , बद , कम, ला, ना, खुश , गैर , हम , हर , दर,ब.बा, सर |

**४) अंग्रेजी के उपसर्ग**

जैसे – सब ,वाइस ,जनरल ,चीफ़,डिप्टी |

**प्रश्न-१) निम्नलिखित उपसर्गों से शब्द निर्माण कीजिए |**

i) कु - कुसंग , कुपुत्र , कुफल , कुरूप

ii) प्रति – प्रतिकूल ,प्रतिबंध , प्रतिकार

iii) स – सकुल, सफल , सम्मान

iv) वि – विफल , विभाग , विदेश ,वियोग

# प्रत्यय

**प्रत्यय –** जो शब्दांश शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थ को बदल देते हैं , उन्हें प्रत्यय कहा जाता है |

जैसे – बच्चा ( मूल शब्द ) + पन ( प्रत्यय ) – बचपन

**प्रत्यय के प्रकार -**

**१) कृत प्रत्यय –** जो प्रत्यय क्रियाओं या धातुओं के साथ जुड़कर संज्ञा , विशेषण तथा क्रिया का निर्माण करते हैं , उन्हें कृत प्रत्यय कहते हैं | कृत प्रत्यय से बनने वाले शब्दों को कृदंत कहते हैं |

जैसे –चाह ( मूल शब्द ) + त ( कृत प्रत्यय ) – चाहत

**२) तद्धित प्रत्यय** – जो शब्दांश क्रिया से भिन्न संज्ञा , सर्वनाम ,विशेषण के अंत में लगकर उनके अर्थ में बदलाव ला देते हैं , उन्हें तद्धित प्रत्यय कहा जाता है |

जैसे – जेठ( मूल शब्द ) + आ( तद्धित प्रत्यय ) – जेठा

**प्रश्न -१) निम्नलिखित प्रत्ययों से शब्दों का निर्माण कीजिए |**

**i) ना – चलना**

**ii) वान – धनवान**

**iii) ती – घटती**

**iv) आई – पढ़ाई**

**v) आऊ –चलाऊ**